भवन समन्वय समिति
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की

सं. सी.सी.बी. / 36 / पी-11 (चिकन एवं मछली) दिनांक: मई 05, 2026

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की सी.सी.बी. द्वारा संचालित मैसों (आजाद, सरोजिनी, विवेकानंद एवं विज्ञान भवन) में दिनांक 01/06/2026 से 31/08/2026 तक के लिए ताजा चिकन एवं मछली कटा हुआ एवं साफ किया हुआ की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र।

ठेकेदार का नाम व पता मैसर्स ______________________________

____

निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि	:	दिनांक 12/05/2026 (मंगलवार) को सायंकाल 03.00 बजे तक
निविदा खुलने की तिथि व समय	:	दिनांक 12/05/2026 (मंगलवार) को सायंकाल 03.30 बजे
निविदा जमा करने का स्थान	:	सी.सी.बी. कार्यालय, मेन बिल्डिंग, आई.आई.टी. रुड़की
निविदा खुलने का स्थान	:	विवेकानंद भवन मैस

क्रमांक स.	सामग्री का नाम	अनुमानित मात्रा	दर अंकों में
1	ताजा चिकन, कटा हुआ एवं साफ किया हुआ (बिना पोटा, कलेची व चर्बी)	3050 किलो	रु. प्रति किलो
2	ताजा बोनलेस चिकन	150 किलो	रु. प्रति किलो
3	ताजी मछली (रोहू) साफ की हुई एवं कटी हुई	450 किलो	रु. प्रति किलो
4	ताजी मछली (बेकर) साफ की हुई एवं कटी हुई	400 किलो	रु. प्रति किलो
5	ताजी मछली (एक काटे वाली) साफ की हुई एवं कटी हुई	450 किलो	रु. प्रति किलो

निविदा खुलने के समय इच्छुक निविदादाता उपस्थित रह सकते हैं।

नोट:-

1. भुगतान हेतु पक्का बिल ही मान्य होगा तथा भुगतान केवल फर्म (मैसर्स) के नाम से ही होगा।
2. निविदा के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया हुआ कसाई खाना (Slaughterhouse) लाइसेंस धारक के साथ सप्लाई अनुबन्ध तथा FSSAI लाइसेंस संलग्न करें।
3. निविदा के साथ जी.एस.टी. पंजीकरण की प्रतिलिपि संलग्न करें।
4. नये आपूर्तिकताओं को खरीद आदेश (PO) प्राप्ति के तीन दिनों के अन्दर सी.सी.बी. कार्यालय में धरोहर राशि जमा कराना तथा पंजीकरण करवाना आवश्यक हैं।

नियम व शर्तें:-

1. सभी निविदायें मुहरबंद लिफाफे में अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की के नाम होनी चाहिए। खुला निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. केन्द्रीय क्रय अधिकारी/अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति को यह अधिकार सुरक्षित है कि निविदा का कोई अंश अथवा समस्त भाग निरस्त कर सकते हैं। उसके लिये कोई कारण बताना अनिवार्य नहीं है।
3. उपरोक्त तिथि एवं समय के पश्चात कोई निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
4. टेण्डर में कटिंग व ओवर राइटिंग न करें, कटिंग होने पर दोबारा साफ-साफ लिख कर अपने हस्ताक्षर करें अन्यथा टेण्डर निरस्त भी किया जा सकता है।
5. ठेका एक से अधिक ठेकेदारों को दिया जा सकता है।

निविदादाता के हस्ताक्षर ______________________________

Central Purchase Officer
CCB, IIT Roorkee

6. चिकन एवं मछली का ठेका सी.सी.बी. द्वारा संचालित मैसों (आजाद, सरोजिनी, विवेकानंद एवं विज्ञान भवन) के लिए मान्य होगा।
7. चिकन एवं मछली की आपूर्ति न कर पाने की दशा में ठेकेदार की धरोहर राशि जब्त की जा सकती है तथा अन्य जुर्माना भी लगाया जा सकता है।
8. चिकन एवं मछली की दरें संस्थान की मैसों तक पहुंचाने व सभी करों सहित होनी चाहिए।
9. निविदा में दी गई चिकन व मछली की मात्रा अनुमानित है तथा यह मात्रा 25% तक घट या बढ़ सकती है।
10. ठेकेदार को चिकन व मछली की आपूर्ति सी.सी.बी. द्वारा संचालित मैसों में उनकी आवश्यकतानुसार समय पर करनी होगी।
11. बिल का भुगतान सम्बन्धित मैसों द्वारा ही किया जायेगा। भुगतान हेतु बिल समान के साथ ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
12. दरें स्वीकृत होने पर भी सम्बन्धित मुख्य संरक्षक बाजार से चिकन व मछली खरीदने के लिए स्वतंत्र होगें।
13. अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति का निर्णय अन्तिम तथा सर्वमान्य होगा।
14. सप्लायर द्वारा निविदा में दी गई दरों को स्वीकृत किए जाने पर 01/06/2026 से 31/08/2026 के मध्य दरों में किसी भी प्रकार की वृद्धि किया जाना सम्भव नहीं होगा।
15. संस्थान की मैसों में आपूर्ति करने हेतु आने-जाने के लिए संस्थान के सुरक्षा नियमों का पालन होगा तथा प्रवेश हेतु पास बनवाने की प्रक्रिया सप्लायर द्वारा किया जाना होगा।
16. निविदा के साथ निम्नलिखित कागजात जमा करना आवश्यक है।
    - वैध खाद्य लाइसेंस/Valid Food License
    - जीएसटी पंजीकरण प्रमाण-पत्र/GST Registration Certificate
    - पैन की प्रति/Copy of PAN
    - आधार कार्ड की प्रति/Copy of Aadhaar
    - एसडीएम/पुलिस/पंचायत/नगर पालिका द्वारा जारी चरित्र प्रमाण-पत्र
      Character Certificate issued by SDM/Police/Panchayat/Nagar Palika

निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

निविदादाता के हस्ताक्षर ______________________

दिनांक ______________________

केन्द्रीय क्रय अधिकारी,
भवन समन्वय समिति